स्पोर्ट्स मोड में नजर आए मेयर नीरज पाल, भिलाई के सभी खेल मैदानों में पहुंचकर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल खेलकर खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन, गिल्ली डंडा, भंवरा, रस्साकशी और संखली जैसे खेलों में रही प्रमुख भागीदारी

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल आज छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल के मैदानों में पहुंचे। उन्होंने स्वयं रस्साकशी संखली और भंवरा जैसे खेल खेलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। महापौर को अपने बीच पाकर उपस्थित सभी का उत्साह दुगुना हो गया और जमकर लोगों ने छत्तीसगढ़िया पारंपरिक खेल का लुफ्त उठाया। महापौर नीरज पाल आज सेक्टर 9 फुटबॉल ग्राउंड , राधिका नगर स्लॉटर हाउस , शांति नगर दशहरा मैदान और बैकुंठ धाम के जेपी स्कूल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्वयं छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के खेलों में भाग लिया। संखली , पिट्टूल, गिल्ली डंडा और भंवरा का खेल उन्होंने ऐसे खेला जैसे इसमें उन्हें पारंगत हासिल हो। उन्होंने उपस्थित सभी से कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास को बल मिलता है वही मोबाइल और टेलीविजन के मद्देनजर खेल एक बेहद अच्छा विकल्प है। छत्तीसगढ़िया पारंपरिक खेल में अन्य जनप्रतिनिधि भी पीछे नहीं रहे। जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, सभापति गिरवर बंटी साहू, महापौर परिषद के सदस्य एवं खेल विभाग के प्रभारी आदित्य सिंह, एमआईसी सदस्य चंद्रशेखर गवई , नेहा साहू, पार्षद अभिषेक मिश्रा आदि ने भी खेल का भरपूर आनंद लिया। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक जिसमें 14 प्रकार के छत्तीसगढ़िया खेल पिट्टुल, गिल्ली डंडा, संखली, लंगडी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, बाटी (कंचा), बिल्लस, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़ एवं लंबी कूद का खेल शामिल है का लोग खेल मैदानों में पहुंचकर और खेलकर खूब आनंद ले रहे हैं। कोई भी व्यक्ति पहुंचकर तुरंत ही खेल में भाग ले सकता है। 6 से 11 अक्टूबर तक प्रथम चरण का आयोजन किया जा रहा है। विजेता प्रतिभागी आगे होने वाले चरणों में भाग लेंगे और पुरस्कार प्राप्त करेंगे। सोमवार को राधिका नगर स्लॉटर हाउस मैदान , शांति नगर दशहरा मैदान , जेपी नगर स्कूल बैकुंठधाम पानी टंकी के पास तथा सेक्टर 9 फुटबॉल ग्राउंड में खेल का आयोजन होगा। खेल के दौरान अधिकारियों में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , जोन आयुक्त एनआर रत्नेश , मनीष गायकवाड, पूजा पिल्ले, कार्यपालन अभियंता टीके रणदिवे, सुनील दुबे, कुलदीप गुप्ता तथा महापौर के निज सचिव वसीम खान विशेष रूप से मौजूद रहे।